हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 12 सितंबर 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 दुकान में घुसकर व्यापारी पर किया...



07 नौकरी मांगने वाले नहीं, दूसरों को नौकरी देने...



## खबर संक्षेप

### सागर संभाग में नापतौल विभाग की गतिविधियां बढ़ाएं: कमिश्नर

**सागर।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी ने नापतौल विभाग की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए सागर संभाग के सभी नापतौल अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे नापतौल के लिए सतत निरीक्षण करें तथा सागर संभाग में नापतौल विभाग की गतिविधियों को बढ़ाएं और ज्यादा से ज्यादा प्रकरण तैयार करना सुनिश्चित करें।

### कलेक्टर के निर्देश पर दीनदयाल रसोई का निरीक्षण

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर एसडीएम अदिति यादव, तहसीलदार संदीप तिवारी एवं मकरोनिया नगर परिषद के सीएमओ पवन शर्मा ने मकरोनिया स्थित दीनदयाल रसोई का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने रसोई में बन रहे भोजन की गुणवत्ता की जांच की और परिसर एवं व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने दीनदयाल रसोई में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और सुरक्षा मानकों का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भोजन में उपयोग होने वाले सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और भोजन बनाने वाले कर्मचारियों की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। अधिकारियों ने दीनदयाल रसोई में भोजन प्राप्त करने वाले लाभार्थियों से भी चर्चा की और उनकी प्रतिक्रिया जानी। उन्होंने लाभार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी सुविधा और भोजन की गुणवत्ता के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

### रानी दुर्गावती अभ्यारण के विस्थापितों के साथ हुई बैठक

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार देवरी में आज रानी दुर्गावती नौरादेही अभ्यारण्य के विस्थापित परिवारों की समस्या निवारण के लिए विस्थापितों के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें उनकी समस्याओं को सुना गया एवं दूर किया गया। एसडीएम मुनव्वर खान ने बताया कि कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा निर्देश दिए गए हैं की रानी दुर्गावती अभ्यारण्य में विस्थापित होने वाली सभी विस्थापितों को समय पर भू अर्जन की राशि मिल सके एवं विस्थापित स्थल पर सभी मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो सके इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जावे इसी परिपेक्ष में देवरी में सभी विस्थापितों की बैठक आयोजित की गई एवं उनके सुझाव भी लिए गए एवं आवश्यक करवाई की गई। बैठक में अन्य विभाग के भू अर्जन प्रकरणों पर विभागवार समीक्षा की गई।

### एक बगिया मां के नाम कार्यक्रम की सफलता के लिए हुआ प्रशिक्षण

**सागर।** एक बगिया मां के नाम मध्य प्रदेश शासन का एक अभिनव और अनूठा प्रयोग जिसमें लघु सीमांत और मध्यम वर्गीय फार्मर्स की स्थाई आमदनी के लिए के लिए अंतर्वत्ति फसलों के साथ-साथ हलदार पौधा रोपण किया जाना है इसमें सागर जिले की लिए अनुसंचित प्रजाति आम, अमरूद, अनार, चीकू, नींबू आदि पौधों को एक एकड़ के खेत में निश्चित दूरी पर लगाया जाना है। पौधों की पौधों से दूरी और कतार की कतार से दूरी इस प्रकार होगी कि ट्रैक्टर के ऑपरेशन में कोई दिक्कत ना हो और उत्पादक अपनी और परंपरागत फसल के साथ-साथ फलदार फैसले भी ले सके इसके लिए आज जैसीनगर में मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन में चयनितग्राहियों को महिला और पुरुष दोनों को एकदिवसीय कार्यशाला में उन्मुखीकरण किया। एक बगिया मां के नाम विकासखंड जैसीनगर में आजीविका भवन प्रांगण में कार्य शाला आयोजन किया गया जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैसीनगर राम सोनी कार्य किस प्रकार किया जाना है इस पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।

## स्वामी विवेकानंद के शिकागो संदेश की 132वीं वर्षगाठ पर आयोजित युवा संवाद संपन्न

# युवा संवाद से निकला संदेश, वैश्विक समस्याओं का समाधान सनातन दर्शन के पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

युवा संवाद से निकला संदेश, वैश्विक समस्याओं का समाधान सनातन दर्शन के पास है। यह संदेश स्वामी विवेकानंद के शिकागो संदेश की 132 वीं वर्षगांठ पर आयोजित यहां आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में निकलकर आया है। युवा संवाद कार्यक्रम में पधारे युवाओं को पूज्य श्री समर्थ दादा गुरू, युवा थिंकर्स फोरम के निदेशक आशुतोष सिंह, रानी अवंतीबाई विश्वविद्यालय के कुलगुरु विनोद मिश्रा व युवा चिंतक अविराज भूपेन्द्र सिंह ने संबोधित किया।



संस्कृति प्रकृति प्रधान है यह जीवंत प्रमाणिकता उस संस्कृति की है, जिसने आज युवा संवाद में ''वैश्विक चुनौतियां का समाधान और भारत के दृष्टिकोण'' जैसे विषय को उठाया है। सारी दुनिया के अंदर वैश्विक संकट का कोई समाधान नहीं है। इस संकट काल में भारतीय दर्शन या सनातन दर्शन समाधान लेकर आता है। मैंने देखा कि आज बुंदेलखंड का युवा ऐसे गंभीर विषय पर संवाद कर रहा है। जो अपनी माटी और संस्कृति के निकट है उसके अस्तित्व को कोई चुनौती नहीं दे सकता। यह उद्गार नर्मदा पुत्र पूज्य श्री समर्थ दादा गुरू ने पूज्य दादा गुरू ने कहा कि इस युवा संवाद के वक्ताओं को सुनते युवाओं को भी देख रहे थे। यहां एक चिंतन चल रहा था। यह चिंतन समाज का संदेश हो जाये, एक सार्थकता हो जाये। निश्चित ही इससे जीवन बदलेगा और दुनिया को बदलने की सामर्थ्य भी होगी। ऐसे संवादों से निश्चित ही परिवर्तन आयेगा। हमारा देश जिसे देवधरा भारत कहते है, उसकी तरफ सारी दुनिया देख रही है कि आखिर ऐसी कौन सी शक्तियां है, जो इन भयावह आपदाओं के दौर में भी भयमुक्त जीवन जी रहे हैं, बड़े आनंद के साथ रहते हैं। पूज्य दादा गुरू ने कहा कि हम विश्व को परिवार मानते हैं और परिवार के कल्याण की भावना सिर्फ हमारे भारतीय सनातन दर्शन में है। केवल भारत ही ऐसा देश है जहां यह बोला जाता है कि धर्म की जय हो, विश्व का कल्याण हो। भारत की संस्कृति जीवन को बनाने की मिसाइल है, संस्कृति व्यक्तित्व का निर्माण करती है, जीवन का बोध कराती है। हम जाति से अलग हो सकते हैं लेकिन हमारी माटी एक है, धरा एक है। दुनिया में ऐसी कौन सी परम्परा और दर्शन है जो माटी को पूजता है। हमें गर्व है कि हम माटी का वंदन करते हैं माटी को माँ कहते हैं।

युवा संवाद के की अध्यक्षता करते हुए रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय के कुलगुरू विनोद मिश्रा ने कहा कि सभी सुख, मन का सुख, बुद्धि का सुख और आत्मा का सुख का अध्यन करके वैश्विक चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है। पाश्चात्य दर्शन दूसरे देशों की अर्थव्यवस्था पर कब्जा करना चाहता है। जबकि भारतीय दर्शन विश्व कल्याण की बात करता है आज दुनिया में आतंकवाद, गरीबी, जलवायु, स्वास्थ्य, रोजगार की समस्याएं हैं। ऐसे में वैश्विक समस्याओं के समाधान के लिये हमें मूलभाव के रूप में भारतीय दर्शन, संस्कृति को समझना होगा। उन्होंने कहा कि पूंजीवाद लाभ तत्व पर आधारित है और पूंजीवाद का सबसे बड़ा दोष लाभ तत्व ही है। दूसरी तरफ समाजवाद, व्यक्तिवादीदर्शन पर चलता है जहां तानाशाही चलती है।

युवा संवाद के मुख्य वक्ता आशुतोष ने कहा कि इस्लामिक व पश्चिमी विचार मोनोथिएस्टिक हैं। उनके ईश्वर को जो नहीं मानते उनके अनुसार वे पापी हैं ऐसे में सह अस्तित्व की अवधारणा ही वहां नहीं है। यही आतंकवाद और धर्मांतरण जैसी समस्याओं की जड़ है। भारतीय अवधारणा में हर कोई दिव्य है। यहां सृष्टा और सृष्टि अलग नहीं है। सृष्टा ने ही स्वयं को सृष्टि रूप में प्रकट किया है। इसलिए हम सभी मतों के साथ सहस्तित्व से रह सकते हैं। हम भारतीय हैं यह कहने में उनको कुंठा महसूस होती थी। आज हम भारतीय हैं कहने में गर्व होता है। उन्होंने कहा कि आज का समय नैरेटिव बेटल का है। युद्ध के तरीके बदल गये हैं। खतरनाक डेटा वार, मीडिया वार चल रहा है। युवा जो कंटेट उपयोग कर रहे हैं उसके माध्यम से युद्ध लड़ा जा रहा है। उस कंटेट को फिल्टर करना जरूरी है जिसमें एजेंडा छिपा होता है। आज हमारे शत्रु डीपस्टेट के रूप में आते हैं। सोशल जस्टिस, ईक्वालिटी जैसे नामों पर रिवोल्यूशन की बात करेंगे। सोरोस के एनजीओ भ्रमित करते हैं। लेकिन हम रिवोल्यूशन वाले नहीं सिल्यूशन वाले लोग हैं।

कार्यक्रम के आयोजक युवा चिंतक अविराज भूपेंद्र सिंह ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि आतंकवाद, लव-जेहाद व मिशनरीज गतिविधियों से धर्म परिवर्तन, टेरिफ और ट्रेड वार, अवैध ड्रग्स और शराब जैसी समस्याएं हमारे सामने चुनौती के रूप में हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए हमारे पास प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के रूप में सक्षम नेतृत्व है। उन्होंने बताया कि अमेरिका की ज्वाइंट इकानामिक कमेटी की एक रिपोर्ट में सामने आया कि वर्ष 2000से 2018 के दौरान आतंकवाद के कारण विश्व को 70 लाख करोड़ का नुक़सान हुआ है। भारत की नीति आतंकवाद के खिलाफ जीरो टालरेंस की है। अविराज सिंह ने बताया कि लव जेहाद जैसे तरीकों से हुए धर्म परिवर्तन के कारण देश के 200 जिलों की डेमोग्राफी में बदलाव आया है। 2012 में केरल के तत्कालीन मुख्यमंत्री ओमान चांडी ने आंकड़े रखे थे कि 2009 से 20012 के तीन सालों में सिर्फ केरल में 2000 हिंदू महिलाओं का इस्लाम में धर्म परिवर्तन किया गया।



## पशु चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का शतप्रतिशत लक्ष्य हासिल करें: कमिश्नर

**सागर।** कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी सागर संभाग में पशु उपचार और पशु टीकाकरण के कार्यों की सतत रूप से मॉनीटरिंग करने के निर्देश संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं सागर संभाग को दिए हैं। कमिश्नर ने कहा है कि सागर संभाग में पशु उपचार और पशु टीकाकरण का कार्य किया जा रहा है इस कार्य की सतत रूप से मॉनीटरिंग करें और आवश्यक होने पर पशु उपचार कार्य और टीकाकरण कार्य का सत्यापन भी कराएं। कमिश्नर ने निर्देश दिए है कि सागर संभाग में पशुओं को होने वाले संक्रामक रोगों की भी सतत मॉनीटरिंग की जाए तथा पशुपालकों को सहजता से सेवाएं मुहैया कराई जाएं। कमिश्नर द्वारा सागर संभाग में बकरी पालन योजना, आचार्य विद्यासागर योजना, चरीचरा योजना के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा निर्देशित किया गया कि इन सभी योजनाओं के समुचित प्रकरण तैयार कर समय पर बैंकों को प्रेषित करें। कमिश्नर ने उक्त निर्देश मंगलवार को पशु चिकित्सा सेवा विभाग की संभाग स्तरीय बैठक में पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में सागर संभाग में चलित पशु चिकित्सा इकाईयों की गतिविधियों की जिलेवार समीक्षा करते हुए कमिश्नर ने निर्देश दिए कि सागर संभाग में चलित पशु चिकित्सा इकाईयों के माध्यम से पशुपालकों को पारदर्शी ढंग से सेवाएं मुहैया कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि चलित पशु चिकित्सा सेवाओं को और अधिक कारगर और पारदर्शी बनाया जाए।



## नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी ने वार्डवासियों की समस्याओं को सुना

**गढाकोटा।** गढाकोटा नगर के मर्दनसिंह जूदेव एवं किला वार्ड में वार्डवासियों के बीच जाकर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारीने आवश्यक व्यवस्थाओं के क्रियान्वयन हेतु यथायोग्य निर्देश दिए। एवं वार्ड वासियों की समस्याओ का तुरत निराकरण किया। साथ ही अटलबिहारी वार्ड में वार्डवासियों के मध्य पहुंचकर वहां के निर्माणाधीन कार्यों का अवलोकन किया।



## शहीद वन कर्मचारियों की याद में पौधा रोपण

**सागर।** म.प्र. कर्मचारी मंच वन विभाग ने आज राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर वन शहीदों के याद में सिरोजा सिद्ध बाबा क्षेत्र में पौधारोपण किया गया। जिसमें सहायक वन संरक्षक, एस.डी.ओ, सामाजिक वानिकी के द्वारा शहीद परिवार की याद में पौधा रोपण कार्यक्रम एक पेड शहीद के नाम अच्छा आयोजन है जिसे हम आज शहीद दिवस पर उनको याद कर अपनी श्रद्धांजली अर्पित करते है। सेवानिवृत्त रेंजर अधिकारी भूपत सिंह मरकाम द्वारा एक पेड शहीद के नाम कार्यक्रम जनचते ना के स्वरूप में याद कर वन शहीद कर्मियों के बलिदानों को याद किया जाएगा। वन परिक्षेत्र अधिकारी लखन सिंह ठाकुर ने राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर शहीद परिवारों को विभाग की ओर से जो भी मदद होगी वह उनको दिलाई जाएगी और एक पेड शहीद के नाम कार्यक्रम को आगे बढाया जाएगा। वन कर्मचारी संघ अध्यक्ष दिलीप सिंह गौड ने कहा कि संगठन शहीद परिवारों के आर्थिक मदद एवं उनको अन्य सहायता भी दिलाने के लिए संघर्ष करेगा और एक पेड वन शहीद के नाम जिले भर में लगाए जाएगे। कर्मचारी मंच के प्रांतीय महामंत्री राजू शील यादव ने कहा कि आज वन शहीदों को उनकी सहादत के लिए हम यहां एकत्रित हुए है जिसमें राष्ट्रीय वन शहीद के रूप में उनके बलिदानों को याद कर उनको श्रद्धांजली देते है एवं शासन एवं विभाग से मांग करते है कि सागर जिले में एक वन शहीद स्मारक पार्क बनाया जाए जिसमें वन शहीद की याद में एक पेड वन शहीद के नाम रोपित किया जा सके। हमारे मध्यप्रदेश में अब तक 56 वन शहीद कर्मी हुए है, जिनको हम याद कर श्रद्धांजली अर्पित करते है।

## लोकसेवा केंद्र संचालक द्वारा लोगों से तय की राशि से अधिक रुपए लिए जा रहे,तहसीलदार से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर जिले के गढाकोटा बस स्टैंड पर नगर पालिका परिषद के कॉम्प्लेक्स में खुले लोकसेवा केंद्र पर संचालक द्वारा लोगों से सेवा के बदले ली जा रही दोगुनी से अधिक राशि की शिकायत करने बुधवार के दिन पार्षद इंद्रजीत चौहान, रमेश मिश्रा एवं नीलेश दुबे के साथ पीड़ित लखन प्रजापति, कृष्णा साहू ने तहसीलदार महेश दुबे को लिखित आवेदन देकर उनसे सेवा से अधिक राशि लिए जाने की शिकायत की। तहसीलदार ने तत्काल पीड़ित लोगों के बयान दर्ज कराए। फुलर से आए लखन प्रजापति ने बताया कि वे अपनी बेटी की जन्म तिथि सुधरवाने लोकसेवा केंद्र गए तो उनसे 20 रुपए की जगह 50 रुपए लिए। इसी प्रकार कृष्णा साहू द्वारा आय प्रमाण पत्र बनवाने के 20 रुपए की जगह 100 लिए गए। इसी प्रकार ग्राम पिपरिया अहीर के रहने वाले पन्ना लाल आदिवासी द्वारा अपनी बेटी का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने एक माह पहले आवेदन किया था, जिनसे संचालक द्वारा 20 रुपए की जगह 50 रुपए लिए थे लेकिन उन्हें प्रमाण पत्र कई बार भटकने के बाद



बुधवार को सीएमओ धनंजय गुमास्ता के हस्तक्षेप के बाद दिया गया। जबकि संचालक द्वारा किसी भी आवेदक को सेवा के बदले ली जाने वाली शुल्क की रसीद नहीं दी जाती। जिसकी शिकायतें तहसील दार महेश दुबे के यहां पहुंचकर लोगों ने की। बयान दर्ज करते हुए तहसीलदार ने कलेक्टर को संचालक द्वारा सेवा के बदले डेढ़ गुनी राशि लिए जाने को लेकर प्रतिवेदन भेजा है। उन्होंने सभी आवेदकों को आश्वस्त किया है कि संचालक द्वारा की जा रही गरीब लोगों के साथ लूट खसोट को लेकर प्रभावी कार्रवाई हेतु प्रतिवेदन जिलाधीश को भेजा है। इसी प्रकार कलेक्टर के निर्देश पर बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनवाने शासकीय उच्चतर विद्यालय में कैंप लगाया था,जिन अभिभावकों ने बच्चों के फार्म जमा किए थे, उनमें हमीद खान, अभिषेक चौरसिया सहित दर्जनों लोगों के आवेदन गुम हो गए है। जिनकी स्थिति जानने लोग रोजाना लोक सेवा केंद्र के चक्कर काट रहे हैं लेकिन उन्हें संतुष्ट जवाब नहीं दिया जा रहा है। प्रबंधन द्वारा उनसे कहा जा रहा है कि उनका आवेदन यहां नहीं आया।

लोक सेवा केन्द्र में सेवा के बदले अधिक राशि लिए जाने को लेकर तहसीलदार ने केंद्र की एवं लोगों की शिकायत की जांच सीएमओ धनंजय गुमास्ता को सौंपी है। जहां लोगों ने सेवा के बदले अधिक शुल्क लेने के मामले में अपने-अपने बयान दर्ज कराए हैं।

## धोखाधड़ी और मकान हड़पने के झूठे आरोपों के खिलाफ एसडीओपी कार्यालय में आवेदन दिया

**मालथौन।** बमनौरा निवासी शंकर चढार ने अपने ऊपर लगाए गए धोखाधड़ी और मकान हड़पने के झूठे आरोपों के खिलाफ एसडीओपी कार्यालय में आवेदन दिया है। उन्होंने अपने बचाव में आरोपों को बेबुनियाद बताया है और कहा है कि उनकी मौसी ने ही स्वेच्छा से उन्हें अपने पास बुलाया था। शंकर ने आरोप लगाया कि कुछ लोग उनकी मौसी को बहला-फुसलाकर उनके खिलाफ साजिश रच रहे हैं। शंकर ने एसडीओपी को दिए आवेदन में बताया कि उनकी मौसी कमलाबाई और मौसा मोहन लाल चढार की कोई संतान नहीं थी। चार साल पहले मौसा का निधन हो गया था, जिसके बाद मौसी अकेली रहती थीं। करीब तीन साल पहले मौसी ने ही उन्हें अपनी देखरेख के लिए मालथौन बुलाया था। तब से वह मौसी के घर के एक कमरे में रहकर उनकी सेवा कर रहे थे। लगभग एक साल पहले कमलाबाई ने अपनी मर्जी से अपने घर की रजिस्टर्ड वसीयत शंकर के नाम कर दी थी। मार्च महीने में एक हादसे के कारण शंकर को कुछ समय के लिए मालथौन से बाहर जाना पड़ा। इसी दौरान कमलाबाई अपनी छोटी बहन के बेटे रघुवर के पास रहने चली गईं। शंकर का आरोप है कि इसी समय राजेश चढार, रतिराम चढार, रघुवर चढार और सुनील चढार ने उनकी मौसी को बहकाया और उन पर वसीयत वापस लेने का दबाव बनाया। उन्होंने यह भी कहा कि इन लोगों ने सोशल मीडिया और व्हाट्सऐप ग्रुप पर उन्हें बदनाम करने की साजिश रची है। शंकर के पास ऐसे वीडियो भी हैं, जिनमें कमलाबाई खुद यह कह रही हैं कि उन्होंने अपनी मर्जी से घर के कागजात शंकर के नाम किए हैं। शंकर ने एसडीओपी से इस मामले की जांच कर उन्हें न्याय दिलाने की मांग की है।

## मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संगठन ने पांच सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

# पंचायत सचिव ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं, शासन की योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचने में उनकी भूमिका अतुलनीयः मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

गुरुवार को मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के निज निवास मातेश्वरी पर आयोजित जनसुनवाई में मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संगठन के पदाधिकारियों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों को लेकर मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के लिए ज्ञापन सौंपा। मंत्री राजपूत ने कहा कि पंचायत सचिव ग्रामीण विकास की रीढ़ हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने में उनकी भूमिका अतुलनीय है। मंत्री राजपूत ने ज्ञापन सौंपने आए पंचायत सचिव संगठन के पदाधिकारियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना एवं पंचायत सचिव संगठन के पदाधिकारियों को अस्वस्थ किया कि उनकी सभी जायज मांगों एवं समस्याओं का शासन स्तर पर उचित निराकरण किया जाएगा।



मध्य प्रदेश पंचायत सचिव संगठन के जिला अध्यक्ष जगन्नाथ प्रसाद गौर ने मंत्री राजपूत से कहा कि मध्य प्रदेश पंचायत सचिव केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाते हैं एवं अपना कार्य पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा से करते हैं। लेकिन, शासन-प्रशासन के द्वारा सचिवों को मिलने वाली योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल रहा है। संगठन के सदस्यों ने बताया कि शासन द्वारा साल 2023 में पंचायत सचिवों के लिए आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ देने के आदेश जारी किए गए थे। बावजूद, इसके दो वर्ष बित जाने के बाद भी सचिवों के लिए आयुष्मान कार्ड जैसी आवश्यक एवं महत्वपूर्ण योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सदस्यों ने मंत्री राजपूत से मांग करते हुए कहा कि पंचायत सचिवों के लिए अन्य शासकीय कर्मचारियों को प्रदान किए जाने वाले समयमान वेतनमान का लाभ पंचायत सचिवों के लिए भी प्रदान किया जाए एवं वेतन संशोधन करवाए जाने का आग्रह किया। इस अवसर पर संभाग अध्यक्ष राकेश कुमार दुबे, राहतगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णकांत देवलिया, जैसीनगर ब्लॉक अध्यक्ष रामकृष्ण कुर्मी, मनोज मिश्रा, विजय यादव, प्रदीप अहिर वार, बहादुर शाह राजपूत, मुन्नालाल प्रजापति, टीकाराम अहिरवार, हेमराज अहिरवार, भगवान सिंह कुर्मी, हरिसिंग यादव, रामप्रसाद खेमारिया पप्पू सेन सहित बड़ी संख्या में पंचायत सचिव संगठन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।




## डॉ अंबेडकर का जीवन समाज को समर्पितः रामचंद्र

**सागर।** कठिन परिस्थितियों में डॉक्टर अंबेडकर ने शिक्षा प्राप्त की, डॉक्टर बी आर अंबेडकर जानते थे की शिक्षा से ही समाज में परिवर्तन आ सकता है उक्त विचार डॉ आंबेडकर चेयर डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के द्वारा आयोजित संगोष्ठी में शिवाजी विश्वविद्यालय कोल्हापुर महाराष्ट्र के प्रोफेसर रामचंद्र गोविंद पवार ने व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षा का अर्थ शिक्षित होकर समाज में सामाजिक परिवर्तन लाना है । जिससे समाज में भेदभाव दूर हो सके, कार्यक्रम में डॉ देवेंद्र कुमार ने कहा कि व्यक्ति महान अपने कार्य से बनता है, समाज सेवा से ही समाज कल्याण होता है। इसलिए हम सब को समाज हित के कार्य के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। उक्त अवसर पर प्रो राजेश गौतम ने कहा कि समाज में भेदभाव को दूर करने में डॉक्टर अंबेडकर का बड़ा योगदान है, डॉक्टर अंबेडकर चेयर का उद्देश्य डॉ आंबेडकर के विचार और कार्य को समाज तक पहुंचना है। कार्यक्रम में डॉक्टर रेड्डी डॉ हिमांशु कुमार, डॉ चिट्टी बाबू, बालचंद ,शेख खान, जितेंद्र, साहिल कुमार ,कुलदीप, ऋषि राज अहिरवार आदि उपस्थित थे।

खबर संक्षेप



## जिले की बेटियों का नेशनल फुटबॉल में परचम

**टीकमगढ़।** जिले की दो बेटियों ने एक बार फिर खेल के मैदान में टीकमगढ़ का नाम रोशन किया है। कु. वंदना यादव और कु. अंजली शर्मा का चयन गुजरात के भावनगर में आयोजित हो रही 30वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता की शुरुआत 10 सितंबर से हो चुकी है और इसमें देशभर की टीमें दमखम दिखा रही हैं। मध्यप्रदेश की टीम, जिसमें टीकमगढ़ की दोनों खिलाड़ी शामिल हैं, अपना पहला मैच 10 सितंबर को गुजरात से, दूसरा मैच 13 सितंबर को गोवा से और अंतिम लीग मैच महाराष्ट्र से खेलेगी। प्रतियोगिता पूरी तरह लीग आधार पर आयोजित की जा रही है। वंदना और अंजली ने अपने जबरदस्त प्रदर्शन से पहले ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सबका ध्यान खींच लिया था। वंदना यादव ने राज्य स्तर की प्रतियोगिता में 12 गोल दागे थे और बेस्ट प्लेयर अवार्ड भी अपने नाम किया था। वहीं, अंजली शर्मा ने भी शानदार खेल दिखाते हुए 10 गोल किए थे। इन्हीं उपलब्धियों के दम पर दोनों का चयन राष्ट्रीय स्तर की टीम में हुआ है। दोनों खिलाड़ियों की इस सफलता पर जिलेभर से बधाई संदेश मिल रहे हैं। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी और फुटबॉल कोच अनूप मंडल ने दोनों बेटियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### भगतनगर कॉलोनी की घटना, पुलिस ने घायल को पहुंचाया अस्पताल, आरोपी फरार

# दुकान में घुसकर व्यापारी पर किया कुल्हाड़ी से हमला, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



शहर के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत भगतनगर कॉलोनी में बुधवार शाम सनसनीखेज घटना सामने आई। यहां सीमेंट और सरिया के व्यापारी नंदराम पाल पर उसी इलाके में रहने वाले बालकिशन अहिरवार ने कुल्हाड़ी से अचानक हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना उस समय हुई जब नंदराम पाल अपनी दुकान पर बैठे थे। हमलावर बालकिशन अहिरवार, जो उनकी दुकान के पीछे ही रहता है, हाथ में कुल्हाड़ी लेकर पहुँचा और अचानक सिर पर वार कर दिया। हमले में व्यापारी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की 112 डायल टीम मौके पर पहुँची और घायल नंदराम पाल को तत्काल जिला अस्पताल पहुँचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि व्यापारी के सिर में गहरी चोट आई है, जिसके चलते तीन टांके लगाने पड़े। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। हमले के बाद आरोपी बालकिशन अहिरवार मौके पर ही कुल्हाड़ी फेंककर फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल से हथियार बरामद कर लिया है और आरोपी की तलाश तेज कर दी है। पुलिस के अनुसार अभी तक हमले के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो पाई है। प्रथम दृष्टया यह मामला आपसी रंजिश या विवाद का लग रहा है, लेकिन सटीक कारण का पता जांच के बाद ही चलेगा। देहात थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जतारा के युवक की संदिग्ध मौत पर यूपी में हुआ बवाल

### कांग्रेस प्रदेश महासचिव ने किया मऊरानीपुर में प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**टीकमगढ़।** जिले के जतारा निवासी 28 वर्षीय शिवम चौबे की संदिग्ध मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गुरुवार को कांग्रेस प्रदेश महासचिव किरण अहिरवार ने उत्तर प्रदेश के मऊरानीपुर में जोरदार प्रदर्शन किया और मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की। गौरतलब है कि शिवम उर्फ आनंद चौबे 29 अगस्त को रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया था। दो दिन बाद, 31 अगस्त को उसका शव मऊरानीपुर थाना क्षेत्र के कुरेचा बांध में मछुआरों को तैरता हुआ मिला। घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी थी।

#### परिजनों का गंभीर आरोप

परिजनों ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि न तो उन्हें पोस्टमॉर्टम से पहले शव देखने दिया गया और न ही पंचनामा की औपचारिकताएँ पूरी की गईं। इससे परिवार का शक और गहरा हो गया है।



मृतक शिवम अपने पिता प्रभु दयाल चौबे का इकलौता बेटा था, जिसकी मौत से परिवार पूरी तरह टूट चुका है। और प्रशासन द्वारा की जा रही अनदेखी, लापरवाही व उदासीन व्यवहार से भी पीड़ति परिवार आहत है।

#### उच्चस्तरीय जांच की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

गुरुवार को कांग्रेस प्रदेश महासचिव किरण अहिरवार ने जिला उप अधिकारी को उत्तर प्रदेश के राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट कहा गया कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं के अलावा कई सामाजिक संगठन भी शामिल हुए। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे और परिवार को न्याय दिलाने की मांग की।

#### क्षेत्र में गहराया आक्रोश

शिवम चौबे की मौत को लेकर जतारा और मऊरानीपुर दोनों ही क्षेत्रों में गहरा आक्रोश है। लोग इसे हत्या की साजिश मान रहे हैं और पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा रहे हैं। अब यह मामला सिर्फ एक परिवार का नहीं, बल्कि आम जनता के बीच न्याय की लड़ाई का रूप ले चुका है।



### बड़ागांव धसान का मामला

## धसान नदी में कूदा युवक, तलाश में जुटी एसडीआरएफ की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के बड़ागांव धसान नगर परिषद क्षेत्र में रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। 26 वर्षीय दयाराम आदिवासी धसान नदी में डूब गया। युवक अपने परिवार के साथ एक रिश्तेदार के यहां शुद्धता कार्यक्रम में शामिल होने आया था। घटना ने पूरे परिवार और रिश्तेदारों को गहरे सदमे में डाल दिया है।

#### पुल से लगाई छलांग

जानकारी के अनुसार सुबह करीब 10 बजे दयाराम अचानक धसान नदी के पुल से नीचे कूद गया। आसपास मौजूद लोग यह दृश्य देख दंग रह गए। उन्होंने तुरंत शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नरेंद्र वर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे। हालात को देखते हुए तुरंत एसडीआरएफ को बुलाया गया। टीम ने नदी में गोताखोरों के जरिए तलाश शुरू की, लेकिन दोपहर तक भी दयाराम का पता नहीं चल सका।

#### परिजनों में चीखझ्रपुकार

घटना के बाद से दयाराम के परिवारजन बदहवास हालत में हैं। कार्यक्रम का माहौल मातम में बदल गया। परिजनों ने बताया कि दयाराम का व्यवहार घटना से कुछ समय पहले सामान्य ही था, लेकिन अचानक उसने यह कदम क्यों उठाया यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। वहीं, एसडीआरएफ की टीम लगातार नदी में युवक की तलाश कर रही है। लोगों की भीड़ घटनास्थल पर उमड़ आई और नदी किनारे पूरे दिन अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## बाइक की टक्कर से सरकारी कर्मी की मौत, केस दर्ज

**ललितपुर।** तालबेहट से हाईवे किनारे स्थित ग्राम कड़ेसराकलां निवासी रोहित ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसके पिता राजेश कुमार पुत्र बारेलाल अहिरवार बीती 6 सितम्बर को सुबह करीब 9.30 बजे नेशनल हाई-वे पर पैदल ही गांव से ग्राम वर्मा बिहार नौकरी कार्य करने जा रहे थे। इसी दौरान झांसी की ओर से तेज रफ्तार से भागती आ रही प्लेटिना मोटर साइकिल संख्या यू.पी.93 बी.जेड. 8726 जिसे महानगर झांसी के थाना एरच अंतर्गत ग्राम बामौर निवासी दीपचन्द्र पुत्र बृषभान चला रहा था लापरवाही से उसने पिता को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसके पिता घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। पीड़ित ने अपने पिता को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया, लेकिन हालत नाजुक होने पर उन्हें झांसी मेडीकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गयी। पीड़ित ने बताया कि उसके पिता सरकारी कर्मचारी थे।

कुंडेश्वर विद्यालय में मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत मेधावी छात्रों को बांटी स्कूटी

## शिक्षा ही जीवन का सबसे बड़ा कीमती धनः पूर्व विधायक राकेश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शिक्षा और प्रतिभा को प्रोत्साहित करने की दिशा में मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत गुरुवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंडेश्वर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक राकेश गिरी, भाजपा नेता पिंटू मिश्रा और टिंकू जैन उपस्थित रहे।

समारोह की शुरुआत सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद विद्यालय की प्राचार्य ने अतिथियों का पुष्पमालाओं से स्वागत कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राकेश गिरी ने 12वीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा आसमा अहिरवार और छात्र विशाल अहिरवार को प्रमाणपत्र और स्कूटी की चाबी सौंपकर सम्मानित किया। स्कूटी पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे और विद्यालय परिसर तालियों से गूंज उठा। राकेश गिरी ने संबोधन में छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शिक्षा ही जीवन का सबसे बड़ा धन है। आप सभी लगन से पढ़ाई करें और गुरुजनों से संस्कार लेकर समाज में आदर्श नागरिक बनें। शिक्षा और संस्कार का संगम ही जीवन को सफल बनाता है। कार्यक्रम में विद्यालय का पूरा स्टाफ और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल रहा और सभी ने मेधावी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# ओरछा में चहुमुखी विकास कराने केंद्रीय मंत्री ने लिखा पत्र

### मुख्यमंत्री को भेजी विकास कार्यों की लंबी सूची, रामराजा सरकार की नगरी को मिलेगा नया स्वरूप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ

भाजपा सरकार एक ओर जहां अयोध्या, प्रभु श्रीराम की जन्मभूमि का सर्वांगीण विकास करा रही है, वहीं दूसरी ओर उनके दूसरे धाम ओरछा को भी एक नई पहचान दिलाने की तैयारी चल रही है। यहां श्रीराम राजा सरकार एक राजा के रूप में विराजमान हैं, और उनके धाम को भव्य स्वरूप देने के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पहल की है। गौरतलब है कि सिंधिया पहले भी ओरछा रेलवे स्टेशन पर कई एक्सप्रेस ट्रेनों के स्टॉपेज, सीमित ऊंचाई वाले रेलवे अंडरब्रिज, ओरछा तिराहे से श्रीराम राजा मंदिर तक सड़क निर्माण और जेरोनझबासवान मार्ग जैसे कई महत्वपूर्ण कार्यों की स्वीकृति दिला चुके हैं। अब उन्होंने ओरछा के दीर्घकालिक विकास के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को एक विस्तृत पत्र लिखा है, जिसमें अनेक महत्वाकांक्षी प्रस्ताव शामिल किए गए हैं।

#### सीएम को लिखे पत्र में शामिल प्रमुख प्रस्ताव

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि ओरछा में मूर्तिविहीन श्री लक्ष्मी मंदिर में श्री लक्ष्मीनारायण की प्राण प्रतिष्ठा कराई जाए। साथ ही जहाँगीर महल का नाम



बदलकर उसे उस महारानी के नाम से किया जाए, जिन्होंने श्रीराम राजा सरकार को ओरछा लाने का ऐतिहासिक कार्य किया था। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि श्रीराम राजा मंदिर परिसर के बाहर महारानी कुँवर गणेश की, श्रीरामलला को गोद में लिये हुए, एक भव्य प्रतिमा स्थापित की जाए। वहीं ओरछा रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर भगवान श्रीकृष्ण के अनन्य भक्त रहे ओरछा रियासत के पूर्व महाराज मधुकरशाह के नाम पर महाराज मधुकरशाह ओरछा रेलवे स्टेशन किया जाए और उनकी आदमकद प्रतिमा भी लगाई जाए।

#### जयपुर की तर्ज पर की थी ऐतिहासिक धरोहरों के सौन्दर्यकरण की मांग

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने ओरछा नगर से लगे सभी ऐतिहासिक भवनों का जीर्णोद्धार और सौन्दर्यकरण कराने की भी मांग की है। उन्होंने सुझाव दिया है कि जयपुर की तर्ज पर ओरछा नगर के सभी शासकीय और अशासकीय भवनों, दुकानों व घरों के लिए एक तय रंग निर्धारित किया जाए, जिससे नगर का स्वरूप और भी आकर्षक बने। इसके साथ ही विकास कार्यों की सूची में ओरछा में हवाई पट्टी का निर्माण, पीएम श्री हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत और महारानी कुँवर गणेश की स्मृति में मध्यप्रदेश मंत्री परिषद की बैठक का आयोजन भी शामिल है।

#### भाजपा नेता विकास की पहल और मांग पर लिखा गया पत्र

गौरतलब है कि भाजपा नेता विकास यादव की पहल और मांग पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मुख्यमंत्री को यह पत्र लिखा है। इससे यह संकेत मिलता है कि केंद्र और प्रदेश स्तर पर ओरछा को पर्यटन और धार्मिक दृष्टि से एक नई पहचान देने का रोडमैप तैयार किया जा रहा है।

फोटोग्राफर एसोसिएशन ने भेजा सीएम को ज्ञापन

## वैवाहिक कार्यक्रमों में पंजीकृत फोटोग्राफरों को मिले ड्रोन उड़ाने के लिए अनुमति, फोटोग्राफी का महत्वपूर्ण हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में ड्रोन कैमरों के सार्वजनिक उपयोग पर प्रतिबंध लगाया है। इस प्रतिबंध से वैवाहिक व मांगलिक कार्यक्रमों में असुविधा उत्पन्न होने को लेकर फोटोग्राफर एसोशियेशन ने लामबंद होकर जिलाध्यक्ष शीलचंद्र श्रीवास के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भेजा । ज्ञापन में एसोशियेशन जिला प्रभारी हरनारायण विश्वकर्मा ने बताया कि उ.प्र.फोटोग्राफर एसोसिएशन की जिला इकाई द्वारा मुख्य कार्य विवाह और अन्य सामाजिक समारोहों में फोटोग्राफी करना है।



वर्तमान में ड्रोन कैमरा आधुनिक फोटोग्राफी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। हाल ही में ड्रोन के संचालन पर लगाए गए प्रतिबंध से हमारे व्यवसाय पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इस प्रतिबंध के कारण हजारों फोटोग्राफरों की आजीविका प्रभावित हुई है और ग्राहकों की भी मांग पूरी नहीं हो पा रही है। एसोशियेशन ने मुख्यमंत्री से आह्वान किया है कि वह विवाह समारोह, मैरिज हॉल और निजी आयोजनों में पंजीकृत फोटोग्राफरों को निर्धारित नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए ड्रोन का उपयोग करने की अनुमति दी जाये। ड्रोन संचालन के लिए सरकार की ओर से स्पष्ट दिशा-निर्देश और अनुमति की प्रक्रिया तय की जाए। इस प्रतिबंध से प्रभावित फोटोग्राफरों को आजीविका के संकट से राहत प्रदान की जाए। इस पहल से हजारों फोटोग्राफर परिवारों को मदद मिलेगी और आधुनिक फोटोग्राफी सेवाएं सुचारू रूप से जारी रह सकेगी। ज्ञापन देते समय हर्षित, करन कुश, हिमांशु, विशाल, राजेन्द्र, देवेन्द्र, अक्षय जैन, रोहित प्रजापति, हरनारायण विश्वकर्मा, आशीष विश्वकर्मा, दीपक सोनी, रोहित झां, रिषी कुशवाहा, शिवम, शीलचंद्र श्रीवास, भगवानदास कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### ढोंगा ग्राउंड की कराई सफाई, नहर क्षेत्र में भी चला अभियान

# नहर क्षेत्र से लेकर ढोंगा मैदान तक नपा सीएमओ ने खुद देखी व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार नगर पालिका प्रशासन ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को और दुरुस्त करने के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। इसी क्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया ने बुधवार को जेल रोड से होते हुए गृहस्थी बाजार और ढोंगा ग्राउंड तक सफाई कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएमओ भदौरिया ने स्वयं मौजूद रहकर ढोंगा ग्राउंड की साफ-सफाई कराई और सफाई कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



#### बंडा नहर की सफाई पर भी नजर

निरीक्षण के बाद नपा सीएमओ भदौरिया बंडा नहर पहुंचे और वहां चल रहे सफाई कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने नहर क्षेत्र में गंदगी और अव्यवस्था को दूर करने के लिए जिम्मेदार कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि प्रतिदिन नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए। इस दौरान राकेश हवलदार भी साथ रहे और सफाई कार्यों की निगरानी में सहयोग दिया। नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि आने वाले दिनों में शहर के अन्य प्रमुख मार्गों और सार्वजनिक स्थलों पर भी इसी तरह की सघन सफाई कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि शहर स्वच्छ और आकर्षक दिखाई दे।

### 12 में टॉपर रहे जिले के 71 विद्यार्थियों को निशुल्क स्कूटी बांटी

# नौकरी मांगने वाले नहीं, दूसरों को नौकरी देने वाले बनेः अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

आप आज उस मुकाम पर खड़े हो जहां आपके सामने असीम संभावनाएं दिखाई पड़ रही है पर आप उनमें से किसी एक का चयन करने में हिचकिचा रहे हो यह चयन भविष्य का चयन होता है इसलिए हिचकिचाना लाज़मी भी है। करियर का चुनाव सोच समझकर किया जाए रुचि अनुसार विषय चयन करें। ऐसी शिक्षा ग्रहण करो कि जब आप कॉलेज से बाहर निकलो तो आपको कहीं जाकर नौकरी मांगने की जरूरत न पड़े बल्कि आप दूसरों को नौकरी बांटने वाले बनो। यह बात कलेक्टर अर्पित वर्मा ने गुरूवार को सीएम राइज स्कूल श्योपुर में स्कूटी वितरण कार्यक्रम के दौरान 12वीं के टॉपर विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण करते हुए कही। इस दौरान जिले के 71 विद्यार्थियों को निशुल्क स्कूटी का वितरण किया गया।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने विद्यार्थियों को करियर से जुड़े कई टिप्स दिए, उन्होंने कहा कि जिले में कृषि आधारित उद्योग लगाने की असीम संभावनाएं हैं खासकर अभी जिले में हम पराली मुक्त जिला का बनाने का अभियान चला रहे हैं जिसके तहत पराली को जलाने के बजाए उसे फैक्ट्री में ठोस आकार में बदलकर फर्नीचर इत्यादि के रूप में इस्तेमाल करने की योजना चल रही है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने फूड प्रोसेसिंग आधारित व्यवसायिक इकाई स्थापित कराने के निर्देश दिए हैं। युवा अपने रुचि अनुसार व्यवसाय चालू कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई, उपाध्यक्ष नीरज जाट, नगर पालिका अध्यक्ष रेनू राठौर, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व जिला अध्यक्ष महावीर सिसोदिया, सीएम राइज स्कूल के प्रिंसिपल अशोक खंडेलवाल,संकुल प्राचार्य मनोज पाराशर आदि मौजूद रहे।




### अभिभावकों ने लगाई गुहार रोड बनवा दो सरकार

निशुल्क स्कूटी वितरण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सीएम राइज स्कूल पहुंचे भाजपा नेताओं से अभिभावकों ने गुहार लगाई कि स्कूल तक पहुंचने वाला रास्ता ठीक कर दे, बारिश होने के बाद इस रास्ते पर कीचड़ हो जाता है जिससे बच्चों के कपड़े गंदे हो रहे हैं। ज्ञात होकर सीएम राइज स्कूल निर्माण एजेंसी के अनुबंध में पुराने स्कूल के मुख्य द्वार तक पहुंच का मार्ग पहले बनाने का अनुबंध है लेकिन ठेकेदार ने मुख्य गेट को निर्माण के चलते बंद कर दिया है, जिससे स्कूल में दूसरे गेट से आना जाना पड़ रहा है। ठेकेदार उक्त गेट तक रोड बनाने के बजाय सिर्फ स्कूल की बिल्डिंग निर्माण में ही लगा हुआ है 2 साल से बच्चों को इस कीचड़ भरे रास्ते से होकर गुजरना पड़ रहा है।

### 14 विद्यार्थियों ने पसंद नहीं की ई स्कूटी, खरीदेंगे पेट्रोल बाइक

खास बात यह रही कि जिले में 12वीं के टॉपर 71 विद्यार्थियों का चयन निशुल्क स्कूटी वितरण के तहत हुआ है योजना के अनुसार स्कूटी लेने वाले विद्यार्थियों के खातों में 1 लाख 20 हजार रुपए और पेट्रोल स्कूटी लेने वालों को सिर्फ 90 हजार रुपए दिए जाने थे। इसके लिए विद्यार्थियों की चॉइस जानी गई थी जिसमें से 57 विद्यार्थियों ने तो ई स्कूटी को अपनी पसंद बताया जिसके आधार पर उन्हें 1 लाख 20 रुपए प्रति विद्यार्थी के हिसाब से बैंक खातों में डाले गए जबकि 14 विद्यार्थी ऐसे भी थे जिन्होंने पेट्रोल स्कूटी के लिए स्वीकृति दी उनके बैंक खातों में प्रति स्कूटी 90 90 हजार रुपए डाले गए। पेट्रोल स्कूटी लेने वालों विद्यार्थियों को ई स्कूटी लेने वाले विद्यार्थियों के मुकाबले 30 हजार रुपए का घाटा उठाना पड़ा है।

### इनका कहना है

12वीं के 71 टॉपर विद्यार्थियों का चयन जिले से निःशुल्क स्कूटी वितरण के लिए हुआ है। जिसमें पसंद अनुसार 57 विद्यार्थियों के बैंक खातों में 1 लाख 20 हज़ार के हिसाब से ओर को ई स्कूटी पसंद करने वाले 14 विद्यार्थियों के खातों में उनकी पसंद अनुसार पेट्रोल स्कूटी खरीदने के लिए 90 हजार रुपए के हिसाब से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा सिंगल क्लिक योजना के माध्यम से राशि डाल दी गई है। आज जिले के पांच विद्यार्थियों को सांकेतिक रूप से आज स्कूटी सोपी गई।

**एमएल गर्ग**
**डीईओ श्योपुर**

### दो माह पहले अचारवाला सहराना में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

# कराहल पुलिस ने अरेस्ट किए दो चोर, बरामद किया चोरी का माल



### इन पुलिसकर्मियों की रही अहम भूमिका

दो माह पहले हुई इस चोरी के खुलासे में एसडीओपी बडौदा प्रवीण अष्ठाना के अलावा कराहल टीआई यासमीन खान, सहायक उप निरीक्षक बृजेश राजौरिया, प्रधान आरक्षक हेमंत रावत, करूणाशंकर यादव, आरक्षक अशोक गोरछिया, अभिषेक गौतम, बृजमोहन गुर्जर, पवन कटारे, खालिद खान आदि की सराहनीय भूमिका रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

करीब दो माह पहले कराहलकस्बे के आचार वाला सहराना निवासी रवि राठौर के घर में हुई चोरी का कराहल थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए दो चोरों को अरेस्ट कर लिया है। जिनके कब्जे से चोरी का माल भी बरामद कर लिया है। इस मामले में तीसरा चोर फिलहाल फरार है। पुलिस का कहना है कि तीसरे फरार चोर को भी जल्द ही दबोच लिया जाएगा और उसके कब्जे से भी चोरी की शेष रकम बरामद हो जाएगी।

एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना ने गुरूवार को कराहल थाने में इस चोरी के मामले का खुलासा करते हुए बताया कि अचार वाला सहराना निवासी रवि राठौर के घर में चोरी की वारदात तब घटित हुई थी,जब वह एक जुलाई को नरवर माता के दर्शन करने के लिए गया था। इस दौरान चोर 95 हजार रूपए नकदी और सोने चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए थे। इस मामले में चोरी की एफआईआर दर्ज कर चोरों का पता लगाने की कार्रवाई कराहल थाना पुलिस के द्वारा शुरू की गई।

### पड़ोसी ने दोस्तों को बुलाकर दिया वारदात को अंजाम

एसडीओपी प्रवीण अष्ठाना ने बताया कि चोरी की इस वारदात का मास्टर माइंड फरियादी युवक के पडोस में ही रहने वाला उदल आदिवासी है। जिसने रवि के मकान की रैकी की और उसके परिवार सहित नरवर जाते ही अपने दोस्तो बंटी पुत्र पप्पू आदिवासी निवासी इंद्राकालोनी कराहल और आकाश उर्फ काडू जाटव निवासी बैराढ जिला शिवपुरी को बुलाकर चोरी की इस वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मुखबिर के जरिए चोरो को पता लगाकर उदल आदिवासी और बंटी आदिवासी को अरेस्ट कर पूछताछ की तो दोनों चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार कर लिया और उनकी निशानदेही पर नकदी 35000,एक सोने की अंगूठी, 2 जोडी चांदी की पायजेब, 2 चांदी की करधोनी बरामद की गई। फिलहाल आकाश जाटव फरार है। जिसकी तलाश के लिए पुलिस टीम लगी हुई है।

### पराली को लेकर किसानों से संवाद करने के लिए दांतरदा पहुंचे कलेक्टर

# कलेक्टर को ग्रामीणों ने घेरा, बोले साहब नशे ने उजाड़ दिए कई परिवार,कार्रवाई करो

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा गुरूवार को जब दांतरदा स्थित ग्राम पंचायत भवन में श्योपुर जिले को पराली फ्री डिसट्रिक्ट बनाने को लेकर वहां के किसानों से संवाद कर रहे थे,तभी दांतरदा के ग्रामीणों ने दांतरदा क्षेत्र में चल रहे अवैध नशा कारोबार मामले को लेकर कलेक्टर को घेर लिया। ग्रामीणों ने कलेक्टर से कहा कि साहब! स्मैक का नशा दांतरदा क्षेत्र में काफी जोरों पर चल रहा है। युवाओं को आसानी से स्मैक उपलब्ध हो रही है,जिसकारण युवा खुलेआम स्मैक का नशा कर रहे है। इस अवैध नशा कारोबार ने कई परिवारों को उजाड दिया है। पुलिस से इस मामले में कार्रवाई किए जाने की मांग उठाते है तो पुलिस सिर्फ स्मैक पीने वालो को पकड लेती है और फिर उन्हें छोड देती है,लेकिन उनसे यह नहीं पूछती है कि तुम्हें स्मैक कौन बेच रहा है। इसलिए आप ही इस अवैध नशा कारोबार को बंद कराने के लिए सख्ती के साथ कार्रवाई करो और इस क्षेत्र को बर्बाद होने से बचा लो। इस मामले में कलेक्टर अर्पित वर्मा ने ग्रामीणों को इस मामले में कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिया है।



# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत छात्र छात्राओं ने लगाए पौधे



श्योपुर। सरकारी स्कूलों में पौधे लगाने के लिए जगह नहीं होने कम पढ़ने की वजह से स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिले में जो एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया था वह अभी उस लक्ष्य के आसपास भी नहीं पहुंच पाया है। अब इस मामले में कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जिला शिक्षा अधिकारी एमएल गर्ग ने सभी शाला प्रमुखों को खंड शिक्षा अधिकारी व संकुल प्रिंसिपलों के माध्यम से गमले में पौधे लगाकर लक्ष्य हासिल करने के निर्देश दिए हैं इस क्रम में गुरुवार को एनएमएस मिडिल स्कूल उर्दू गांधी में विभिन्न पौधों का रोपण एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत छात्र छात्राओं के माध्यम से किया गया।

शाला प्रभारी कमलजीत सिंह सिसोदिया बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान कहते हैं हमने स्कूल का फर्स्ट पक्का होने के बावजूद उसमें गड्ढे करवा कर पौधे लगवाए हैं अब विद्यार्थियों में भी इससे प्रेरित होकर गमले में पौधे लगाने का काम किया है विद्यार्थियों ने इस काम में न सिर्फ रुचि ली है बल्कि वह अपनी मां के नाम से पौधे लगाने से उत्साहित भी है अपनी मां की स्मृतियां हमेशा पौधे के रूप में स्थापित करने वाले विद्यार्थी उन्हें पेड़ बनाकर हमेशा के लिए सहज सकते हैं। जिस तरह विद्यार्थियों ने इस काम में उत्साह दिखाया है उससे यह प्रयोग सफल दिखाई पड़ रहा है।

# नहीं चलने देगे अवैध नशा कारोबार, लिप्त लोगों पर करेंगे सख्त कार्रवाईःअग्रवाल

### श्योपुर पहुंचे नवागत एसपी, संभाला पदभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल गुरूवार को श्योपुर पहुंच गए। शाम करीब 5 बजे उन्होंने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से पदभार ग्रहण कर लिया है। नवागत एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने पदभार ग्रहण करने के बाद हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए हर संभव कार्यवाही की जाएगी। पुलिस और आमजन के बीच संबंधों में मधुरता लाने की हर संभव कोशिश की जाएगी। जिले में कोई गैर कानूनी धंधे किसी भी कीमत पर नहीं चलने दिए जाएंगे। किसी भी तरह का अवैध नशा कारोबार भी चलने नहीं दिया जाएगा। बता दें कि 17 सितंबर को जिले में अवैध नशा कारोबार को बंद कराने के लिए युवाओं के द्वारा एक बडी रैली निकालकर ज्ञापन दिए जाने का एलान किया गया है। इस संबंध में सवाल किए जाने पर नवागत एसपी सुधीर अग्रवाल ने कहा कि अवैध नशा कारोबार को रोकना पुलिस का काम है। पुलिस इस काम को पूरी जिम्मेदारी से करेगी। इसके लिए लोग ज्ञापन दे या न दें। उन्होंने कहा कि जो भी लोग इस अवैध कारोबार में लिप्त पाए जाएंगे,उनके खिलाफ पूरी सख्ती के साथ कार्रवाई की जाएगी। किसी पुलिसकर्मी की भी इस अवैध कारोबार में संलिप्तता पाई जाएगी, तो उसे भी बख्शा नहीं जाएगा।

# पराली का प्रबंधन नहीं किया तो हमारी जमीन हो सकती अनउपजाऊ :कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




कलेक्टर अर्पित वर्मा ने गुरूवार को ग्राम दांतरदा के पंचायत भवन में श्योपुर जिले को पराली फ्री डिसट्रिक्ट बनाने के लिए चलाई जा रही मुहिम में दांतरदा क्षेत्र के किसानों को जोडने के लिए उनसे संवाद किया। कलेक्टर ने कहा कि हम निरंतर पराली को जलाते आ रहे है, इससे हमारी भूमि में मौजूद मित्र जीवाणुओं की कमी हो रही है, क्योकि पराली की आग से यह मित्र जीवाणु नष्ट हो रहे है तथा मिट्टी भी गर्म हो रही है। इससे न केवल फसल उत्पादन कम हो रहा है, बल्कि हर वर्ष फसल उत्पादन में उर्वरक की डिमांड बढती जा रही है। भविष्य को दृष्टिगत रखते हुए हमें पराली का प्रबंधन करना होगा, अन्यथा हमारी जमीन अनउपजाऊ भी हो सकती है। कलेक्टर ने कहा कि हम सभी पराली का उचित तरीके से प्रबंधन करें। इसके लिए शासन द्वारा सुपर सीडर एवं अन्य कृषि यंत्रों पर 40 प्रतिशत का अनुदान भी दिया जा रहा है। वर्तमान में सुपर सीडर के लिए ई-कृषि अनुदान पोर्टल पर आवेदन एक-दो दिन में शुरू होने वाले है। किसान भाई सुपर सीडर खरीदने के लिए आवेदन कर सकते है तथा अपने खेत में पराली का प्रबंधन कर समय पर गेहूं की फसल की बुआई की जा सकती है। सरकार सुपर सीडर पर 1 लाख 20 हजार रूपये का अनुदान भी दे रही है। किसान संवाद कार्यक्रम के दौरान एसडीएम गगन सिंह मीणा, उप संचालक कृषि जीके पचौरिया सहित सरपंच प्रतिनिधि अन्य पंचायत पदाधिकारी, किसान एवं कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### सुसाइड प्वाइंट बनता जा रहा चंबल नदी का पाली पुल

# चंबल नदी में कूदने के लिए पुल पर फिर पहुंची एक महिला, पुलिस ने दौड़कर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

चंबल नदी का पाली पुल अब सुसाइड प्वाइंट बनता जा रहा है। जिसके चलते पाली पुल से आए दिन चंबल नदी में कूदने की घटनाएं सामने आ रही है। गुरनावदा गांव की एक नव विवाहिता महिला के द्वारा नदी में कूदने की घटना को अभी ज्यादा वक्त भी नहीं हुआ है कि बीती रात को एक विवाहिता महिला चंबल नदी में कूदने के लिए पाली पुल पर पहुंच गई। लेकिन पुल पर मौजूद लोगों ने इसकी सूचना तत्काल सामरसा चौकी पुलिस को दे दी और पुलिस भी सूचना मिलने के साथही पुल की तरफ दौड पडी और महिला नदी में छलांग लगाती,उसके पहले ही उसे रोक लिया और फिर समझाइस उसे उसके घर जाकर छोड दिया।

बुधवार की रात करीब साढे 10 बजे चंबल नदी में कूदने के लिए पाली के पुल पर पहुंची महिला भरोसी बाई कीर 40 वर्ष सामरसा गांव की कीरपुरा बस्ती की निवासी है। सामरसा चौकी पुलिस की माने तो महिला भरोसी बाई के पति का करीब दो सप्ताह राजस्थान में एक्सीडेंट हो गया था। जिसके बाद उसका पति इलाज के लिए राजस्थान के कोटा अस्पताल में भर्ती है। यहां घर पर महिला और उसके बच्चे रहते है। बुधवार की रात को घर में महिला का उसके बच्चो से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। कहासुनी इतनी बढ गई कि महिला भरोसी बाई गुस्सा होकर यह कहते हुए घर से निकल गई कि अब मुझे जिंदा नहीं रहना, चंबल में कूदकर जान दूंगी। सामरसा की कीरपुरा बस्ती से यह महिला चंबल नदी में कूदने के लिए पुल पर पहुंच गई और यह महिला पुल की रैलिंग पर चढकर नदी में छलांग लगाती,उसके पहले ही पुल पर मौजूद लोगो ने यह दृश्य देखकर तत्काल सामरसा चौकी पुलिस को सूचना दे दी। इस सूचना पर सामरसा चौकी प्रभारी रवि कुशवाह तत्काल अपनी टीम के साथ पुल की और दौड पडे और एनवक्त पर महिला को उस समय पकड लिया,जब वह नदी में कूदने के लिए पुल की रैलिंग पर चढ गई थी। सामरसा चौकी प्रभारी रवि कुशवाह ने बताया कि महिला को समझाइस देकर रैलिंग से नीचे उतारा और उसे उसके घर जाकर छोडा तथा उसके बच्चों को भी समझाइस दी। साथही महिला को भी हमने भरोसा दिलाया कि यदि कोई परेशानी है तो पुलिस को बताओ,पुलिस तुम्हारी हर संभव मदद करेगी,लेकिन इस तरह जान देने से कुछ नहीं होगा।



### सुसाइंड प्वाइंड बनता जा रहा पुल,टेंशन में सीमावर्ती थानों की पुलिस

चंबल नदी का पाली पुल एक नया सुसाइंड प्वाइंट बनता जा रहा है। जिसके चलते मध्यप्रदेश ही नहीं,अपितु पडौसी प्रांत राजस्थान के लोगों के द्वारा आत्महत्या करने के लिए आए दिन पाली पुल से चंबल नदी में छलांग लगा देने की घटनाएं सामने आ रही है। चंबल नदी पुल की ऊंचाई अधिक है, इसलिए चंबल नदी में कूदने वाले लोगों की ज्यादातर मौत ही हो जाती है। बहुत कम लोग ही ऐसे होते है,जिनकी चंबल नदी में कूदने के बाद भी जान बच जाती है। पाली पुल से आए दिन कूदने की घटनाओं से मप्र की मानपुर थाना पुलिस ही नहीं,बल्कि राजस्थान के नजदीकी खंडार थाने की पुलिस की भी टेंशन बढती जा रही है। हालांकि चंबल पुल पर इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जाली भी लगाई गई है,लेकिल यह जाली भी कई जगह से टूट गई है। ऐसे में दोनो सीमावर्ती जिलों के जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारियों को इस दिशा में अतिशीघ्र कदम उठाए जाने की जरूरत है।

### पाली पुल पर अब तक हुए हादसों पर एक नजर

- 13 सितंबर 2015 जवासा निवासी 16 वर्षीय मुकट पुत्र सुरेश बैरवा ने चंबल नदी में छलांग लगा दी। इससे उसकी मौत हो गई। मृतक गांव की किसी लड़की से प्रेम करता था। इसके चलते उसने ये कदम उठाया था।

-22 मार्च 2019 को मानपुर निवासी नवल किशोर(22) पुत्र प्रहलाद बैरवा व हीरापुर निवासी आरती बैरवा एक-दूसरे से शादी करना चाहते थे, लेकिन परिजन शादी के लिए राजी नहीं थे। इस कारण दोनों पुल से चम्बल नदी में छलांग लगा दी। आरती को कुछ लोगों ने बचा लिया लेकिन नवल की डूबने से मौत हो गई।

-3 मई को 2019 को मातासूला निवासी नरेश मीणा व बड़ौदा निवासी रीना एक-दूसरे शादी करना चाहते थे, स्वजन राजी नहीं थे, इसलिए प्रेमी जोड़े ने पाली पुल से चम्बल नदी में छलांग लगा दी। इसमें प्रेमी युवक की मौत हो गई और प्रेमिका को ग्रामीणों ने बचा लिया।

-एक नवंबर 2019 को दांतरदा गांव निवासी राजवीर साहू ने पाली पुल से कूदकर आत्महत्या कर ली। मृतक राजवीर मानसिक रूप से तनावग्रस्त रहता था और तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया।

-11 नवंबर 2019 को सवाई माधोपुर निवासी जुल्फिना पत्नी गुलफाम ने पीहर से लौटते समय पाली पुल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी श्योपुर जिला अस्पताल में मौत हो गई।

-14 मार्च 2020 को अलापुर गांव निवासी 22 वर्षीय युवक दिलखुश सेन अपनी साली को ससुराल छोड़कर लौटते समय बाइक को पाली पुल पर खड़ी कर चंबल नदी में छलांग दी। इससे उसकी मौत हो गई।

-14 जून 2020 को साडा का पाड़ा निवासी युवक खंडार राजस्थान निवासी नवविवाहिता युवती अंजू सैनी से सात फेरे लेने के बाद विदाकर घर ला रहा था, तभी रास्ते में अंजू ने पाली पुल पर उल्टी आने का बहना लगाकर नदी में छलांग लगा दी। जिससे उसकी मौत हो गई।

-4 सितंबर 2025 को गुरनावदा निवासी निशा जाट ने चंबल नदी में छलांग लगा दी। उनियाला के युवाओं ने उसे सकुशल नदी से बाहर निकाल लिया।

### सभी खिलाड़ी खेल भावना के साथ खेलों में भागीदारी करेंः तोमर



श्योपुर। श्योपुर-मुरैना सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने मुख्य अतिथि के रूप में 69वी संभाग स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का खेल मशाल प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। क्रीडा परिसर ढेगदा में आयोजित प्रतियोगिताओं के शुभारंभ अवसर पर कलेक्टर अर्पित वर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, नपाध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, नाथूलाल रावत, महेश राठौर,सुजीत गर्ग, सहायक संचालक शिक्षा यश जैन, क्रीडा अधिकारी अजय त्रिवेदी, खेल अधिकारी अरूण चौहान आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने सभी खिलाडियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल भावना के साथ खेलो में भागीदारी करें। इस अवसर पर उन्होंने क्रीडा परिसर खेल मैदान पर सांसद निधि से चेंजरूम, वॉशरूम तथा हाई जम्प, लॉग जम्प के स्थानों पर शैड का निर्माण कराये जाने की घोषणा की गई। खेल परिसर ढेगदा में आयोजित तीन दिवसीय शालेय प्रतियोगिता के दौरान एथलेटिक्स की विभिन्न स्पर्धाए दौड, हर्डल रेस, लॉग जम्प, हाई जम्प, हेमर थ्रो, जेबलिन थ्रो, डिस्क थ्रो आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेगी। इस प्रतियोगिता में श्योपुर सहित शिवपुरी, मुरैना, ग्वालियर, भिण्ड, दतिया, अशोकनगर, गुना की टीमें भाग ले रही है, लगभग 400 खिलाडी तथा 50 से अधिक स्पोर्टस आफिसर्स भागीदारी कर रहे है। प्रतियोगिता के पहले दिन गोला फेक, लम्बीकूद एवं डिस्क थ्रो प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। गोला फेक प्रतियोगिता के अंडर-14 कैटेगरी के बालक वर्ग में नोमेश प्रजापति शिवपुरी तथा बालिका वर्ग में पिंकी प्रजापति शिवपुरी प्रथम रहें। अंडर-17 कैटेगरी के बालक वर्ग में दतिया के कृष्णा अग्निहोत्री तथा बालिका वर्ग में गुना की परी व्यास को प्रथम स्थान मिला। इसी प्रकार लम्बी कूद प्रतियोगिता के अंडर-14 कैटेगरी बालक वर्ग में मितेन्द्र बघेल दतिया प्रथम स्थान के साथ विजेता रहें, बालिका वर्ग में भिण्ड की मुस्कान ने प्रथम स्थान हासिल किया। अंडर-17 ग्रुप में मुरैना के लोकेन्द्र कुशवाह तथा बालिका वर्ग में गुना की आशी कसेरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डिस्क थ्रो के अंडर-17 बालक वर्ग में दतिया के कृष्णा अग्निहोत्री तथा बालिका वर्ग में मुरैना की प्रिया कुशवाह विजेता रही। 400 मीटर बाधा दौड के अंडर-17 कैटेगरी के बालक वर्ग में दिलीप पाल दतिया तथा बालिका वर्ग के पूर्वी गुर्जर शिवपुरी विजेता बनें। ट्रिपल जम्प के अंडर-17 ग्रुप के बालक वर्ग में मुरैना के लोकेन्द्र एवं बालिका वर्ग में मुरैना की शिवानी कुशवाह विजेता रही। हेमर प्रतियोगिता के अंडर-17 के बालक वर्ग में भावेश परिहार शिवपुरी एवं बालिका वर्ग में राधिका बाथम शिवपुरी प्रथम रहें, 80 मीटर हर्डल रेस के अंडर-14 के बालक वर्ग में जितेन्द्र यादव शिवपुरी एवं बालिका वर्ग में अंजली मौर्य प्रथम रहें। 110 मीटर हर्डल अंडर-17 बालक वर्ग में शिवपुरी के वंश माहौर ने प्रथम स्थान हासिल किया, 150 मीटर हर्डल रेस अंडर-17 बालिका वर्ग में ग्वालियर की ईशिका सिंह विजेता रही। 200 मीटर दौड में अंडर 14 बालक वर्ग में ईकम सिंह ग्वालियर और बालिका वर्ग में पलक वघेल श्योपुर विजेता बनी ।

## डेहरवारा विद्यालय बना गोशाला

# आवारा पशुओं का झुंड करता है गंदगी बच्चों व शिक्षकों को होती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस



कोलारस जनपद के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत डेहरवारा में स्थित प्राथमिक, मिडिल स्कूल, हाई स्कूल, आंगनवाड़ी एवं ग्राम पंचायत भवन का प्रांगण इन दिनों अघोषित गोशाला में तब्दील हो गया है। चूंकि यह सभी बिल्डिंग एक ही बाउंड्रीवाल के अंदर स्थित हैं। यहां प्रतिदिन आधा सैकड़ा गोवंश का रैन बसेरा बना रहता है। जिसके चलते विद्यालय प्रांगण में गंदगी का अंबार जमा रहता है। यदि कागजी आंकड़ा देखा जाए तो कोलारस जनपद अंतर्गत करोड़ों की लागत से डेढ़ दर्जन से अधिक गौशाला संचालित हैं और पशु विभाग के निरीक्षण से उक्त गोशालाओं को मध्यप्रदेश शासन द्वारा करोड़ों की राशि भी प्रदान की जा रही है। लेकिन ग्राम पंचायत डेहरवारा में आवारा घूमता गोवंश उक्त गौशालाओं के संचालन पर प्रश्न चिन्ह अंकित करता नजर आ रहा है। क्योंकि ग्राम पंचायत डेहरवारा फोरलेन हाईवे पर स्थित है। इसी कारण सैकड़ों की तादात में गोवंश यहां खुले में विचरण करते नजर आते हैं। आश्रय के लिए उक्त गोवंश डेहरवारा स्थित प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल, आंगनवाड़ी सहित ग्राम पंचायत भवन के प्रांगण में पहुंच जाते हैं। संपूर्ण प्रांगण में गंदगी कर देते हैं जिसके चलते स्कूल में आने वाले छात्र-छात्राओं को एवं शिक्षकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। क्योंकि उक्त प्रांगण की बाउंड्रीवॉल क्षतिग्रस्त है, गेट भी टूटे हुए हैं। इसी कारण दर्जनों की संख्या में गोवंश यहां पहुंच जाता है। उक्त प्रांगण को गोवंश ने अपना रेन बसेरा बना लिया है। जगह-जगह गंदगी का अंबार लगा हुआ है। यहां लगे जमा बड़े को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि यह शासकीय बिल्डिंग नहीं गौशाला है। भटकती गोवंश के इस जमावड़े को देखकर यहां की ग्राम पंचायत में संचालित होने वाली गोशालाओं के संचालन की पोल खुलती नजर आ रही है, जो गोवंश के नाम पर भूसा एवं चारे के लिए लाखों रुपए की राशि आहरण करके हड़प रहे हैं। विद्यालय परिसर में एकत्रित उक्त गोवंश में से जब किसी गाय की मौत हो जाती है, तब वहां से उठाव न हो पाने के चलते वह दुर्गंध देने लगती है। जिससे यहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। लगातार संक्रमण फैलने का डर भी छात्र-छात्राओं को सताता है। इसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा कई बार अधिकारियों के समक्ष की जा चुकी हैए बावजूद इसके आज दिनांक तक कोई भी कार्रवाई सुनिश्चित नहीं की गई है।

### इनका कहना है

आवारा पशुओं को हम भगा देते हैं। लेकिन वह फिर से आ जाते हैं इसके अलावा हमारे पास कोई विकल्प नहीं हैं।

**कविता धाकड़,** सरपंच

गोवंश के जमावड़ा के कारण स्कूल प्रांगण मे सैकड़ों गोवंश इक_ा हो जाते हैं। जिससे काफी गंदगी हो जाती है। मैं प्रतिदिन यहां की सफ ाई करता हूं, जिसमें मुझे काफ ी परेशानी होती है।

**सुनील खरे,** सफ ाई कर्मी डेहरवारा

बदबू के कारण हम स्कूल में बैठ नहीं पाते लेकिन छात्रों को पढ़ाना हमारी मजबूरी है।

**अर्चना गुप्ता,** शिक्षक

टोकन के लिए सुबह 4 बजे से पहुंचे किसान, लगाई लाइन

# खाद को लेकर तहसील में घंटों चला हंगामा, बुलानी पड़ी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



रबी सीजन की फसल को खाद के लिए टोकन को लेकर तहसील कार्यालय में किसानों ने गुरूवार को हंगामा कर दिया। हंगामा देख सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस बुलानी पड़ी। इस दौरान तहसील कार्यालय के अंदर घुसने के प्रयास को लेकर किसानों ने गेट तोड़ दिया। लेकिन किसानों को पुलिस बल के द्वारा रोक लिया गया। वहीं हंगामा होता देख विधायक निर्मला सप्रे एवं एडीएम अभिलाष रावत मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाइश दी।

जानकारी के अनुसार सोमवार को किसानों को खाद के लिए टोकन बांटे जाने थे। पूर्व सूचना पर टोकन के लिए सुबह 4 बजे से ही किसान तहसील कार्यालय पहुंचने लगे और देखते ही देखते करीब 2 हजार से अधिक किसान टोकन के लिए पहुंच गए। जो लाइन लगाकर टोकन के लिए इंतजार करने लगे। किसानों की संख्या अधिक थी जबकि 300 टोकन का ही वितरण किया जाना था। सुबह करीब 10 बजे टोकन का वितरण शुरू हुआ और 300 टोकन का वितरण करने के बाद वितरण रोक दिया गया। जिससे बड़ी संख्या में बचे किसानों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा देखते हुए कुल 1157 टोकन का वितरण किया गया। बावजूद किसानों के हंगामा करने पर विधायक सप्रे निर्मला सप्रे एवं एसडीएम अभिनाष रावत मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाइश दी किसानों को जरूरत के हिसाब से खाद उपलब्ध कराया जाएगा। बाद में किसान दोपहर तीन बजे हंगामा बंद कर निराश होकर वापस घर लौट गए। हंगामा के दौरान तहसील कार्यालय का कार्य भी प्रभावित हुआ। इस मौके पर एसडीएम विजय डेहरिया, उप संचालक कृषि राकेश त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

## जिपं अध्यक्ष पति अमित यादव का पलटवार, बोले आरोप निराधार

**शिवपुरी।** जिला पंचायत अध्यक्ष पति अमित यादव ने अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बदरवास के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष द्वारा लगाए गए सभी आरोप पूरी तरह निराधार और राजनीति से प्रेरित हैं। अमित यादव ने स्पष्ट कहा कि अगर कोई व्यक्ति सार्वजनिक मंच से मेरा नाम लेकर बिना किसी तथ्य के आरोप लगाता है, तो मैं इसे कतई बर्दाश्त नहीं करूंगा। मैं आरोप लगाने वालों के खिलाफ कोर्ट में मानहानि का दावा करूंगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि जिला पंचायत अध्यक्ष को वित्तीय अधिकार प्राप्त ही नहीं हैं, ऐसे में कमीशन या लेन-देन का सवाल ही पैदा नहीं होता। अमित यादव का कहना है कि जिस व्यक्ति ने आरोप लगाए हैं, वह पंचायत का पंच तक नहीं है, फिर भी कुछ जनपद सदस्यों को साथ लेकर झूठ फैलाने का काम कर रहा है। इस पूरे मामले ने बदरवास की राजनीति में हलचल मचा दी है। जहां एक तरफ आरोप लगाने वालों ने सवाल उठाकर सियासी माहौल गर्मा दिया, वहीं अमित यादव के पलटवार और कोर्ट जाने की चेतावनी से अब टकराव और गहराने के आसार नजर आ रहे हैं।

# सिंधिया ने किया 2.19 करोड़ के बिजली उपकेंद्र का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

शिवपुरी जिले के पिछोर विधानसभा के गरेठा गांव को केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विकास की एक और सौगात दी। बुधवार को उन्होंने 2.19 करोड़ रुपए की लागत से बने नवीन बिजली उपकेंद्र का लोकार्पण कर क्षेत्रवासियों को तोहफा दिया। गरेठा में बिजली उपकेंद्र का शुभारंभ ग्रामीणों के लिए एक नई सुबह लेकर आया है, जो आने वाले वर्षों में विकास की रफ्तार को और तेज करेगा। लोकार्पण अवसर पर जनप्रतिनिधि और हजारों ग्रामीण मौजूद रहे। सिंधिया ने कहा कि यह उपकेंद्र केवल बिजली का ढांचा नहीं, बल्कि विकास की नई राह का आरंभ है। यह किसानों, युवाओं और उद्योगों को नई ऊर्जा प्रदान करेगा।

### हजारों परिवारों को मिलेगा लाभ

इस बिजली उपकेंद्र से अब क्षेत्र में सुचारु और गुणवत्तापूर्ण आपूर्ति सुनिश्चित होगी। बिजली कटौती और वोल्टेज की समस्या खत्म होगी। किसानों की सिंचाई, विद्यार्थियों की पढ़ाई और व्यापार-उद्योग को नई ताकत मिलेगी।

### डबल इंजन सरकार का संकल्प, हर घर तक सुविधा

सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश निरंतर प्रगति कर रहा है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएँ सीधे जनता तक पहुँच रही हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और उद्योग क्षेत्र में भी जल्द नई परियोजनाएँ मूर्त रूप लेंगी।

## दशहरा मैदान, नीलगर चौराहा और मेडिकल कॉलेज के बाहर से हटाए अवैध ठेले व दुकानें

### अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की

**शिवपुरी।** नगर प्रशासन ने बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। पुरानी शिवपुरी के दशहरा मैदान की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। नगर प्रशासन ने नीलगर चौराहा, थीम रोड पर कत्था मिल के सामने और कटमाई क्षेत्र से हाथ ठेले हटाए। मेडिकल कॉलेज के बाहर अवैध रूप से लगाए गए ठेले और दुकानों को भी हटाया गया। यह कार्रवाई पिछले माह कलेक्टर रविन्द्र चौधरी के निर्देशों के तहत की गई। कलेक्टर ने शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए थे। इनमें प्रमुख चौराहों से अतिक्रमण हटाना, मुख्य सड़कों का चौड़ीकरण और एकांकी मार्ग का निर्धारण शामिल था। साथ ही बस स्टैंड व हॉकर्स जोन की व्यवस्था और ऑटो किराया तय करने के निर्देश भी दिए गए थे। अतिक्रमण प्रभारी अशोक खरे के नेतृत्व में नगरीय प्रशासन इन निर्देशों पर लगातार अमल कर रहा है।

# पाल बघेल समाज ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह 10 और 12 वीं में अव्वल छात्रों का किया सम्माान



**शिवपुरी।** शहर के सिद्देश्वर मेला ग्राउंड में पाल बघेल समाज द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें 10 व 12 वीं में अव्वल छात्रों सहित शिक्षक, सेवानिवृत्त, नौकरी प्राप्त करने वालों का सम्मान किया गया। वहीं 10 व 12वीं में 80 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बच्चों का प्रतिभा सम्मान किया गया। जिसमें ग्वालियर चंबल संभाग, भिंड, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी के सामाजिक, राजनैतिक एवं कर्मचारियों, अधिकारियों सहित पाल बघेल समाज के लोग भारी संख्या में सम्मिलित हुए जिसमें महिलाओं की बराबर सहभागिता रही।

कार्यक्रम आयोजन दया शिक्षा प्रसार सेवा समिति द्वारा संचालित लोकमाता देवी अहिल्याबाई निःशुल्क छात्रवास के माध्यम किया गया। जिसमें स्मृति चिन्ह मोहन सिंह पाल ग्वालियर प्रभारी आम आदमी पार्टी गुना, लोकमाता देवी अहिल्याबाई तस्वीर होतमसिंह बघेल मंडल उपाध्यक्ष पुरानी शिवपुरी सभी सम्मानितों को सप्रेम भेंट की मंच का संचालन शिक्षक लक्ष्मन पाल कोलारस एवं भगवत सिंह बघेल इचोंनिया शिवपुरी द्वारा किया। कार्यक्रम में आने वाले सभी सामाजिक अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया, जिसमें हाकिमसिंह बघेल नरवर द्वारा दीप प्रज्वलित कर सरस्वती माता पूजन एवं लोकमाता देवी अहिल्याबाई, डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, डॉ. भीमराव अंबेडकर, महात्मा ज्योतिभा फुले को पुष्प अर्पण किए, कार्यक्रम में घुमंतू अर्धघुमन्तु महासंघ से खेमराज पाल, डॉ.यशवंत पाल, डॉ. रामकृष्ण बघेल, अखिल भारतीय पाल महासभा से भगवान सिंह अध्यक्ष प्रतिनिधि, युवा जिलाध्यक्ष महेन्द्र बघेल करेरा, होल्कर सेना जिलाध्यक्ष पंकज पाल, अशोक सिंह, प्राणसिंह पाल, मोहब्बत पाल, अमरलाल बघेल विधानसभा प्रभारी, आम आदमी पार्टी मोहनसिंह पाल, योगाचार्य महेश पाल, डॉ.अशोक पाल, जिला पंचायत सदस्य हेमलता-हरिकृष्ण पाल, जनपद सदस्य अरविंद बघेल, सरपंच-अजबसिंह बघेल थरखेड़ा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## सिंध नदी में रेत उत्खनन, प्रशासन की टीम देखकर भागे आरोपी, जेसीबी जब्त

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले की बदरवास तहसील में अवैध रेत खनन का मामला सामने आया है। ग्राम घुरवार खुर्द में सिंध नदी पर अवैध रेत उत्खनन की सूचना मिली। इस पर तहसीलदार बदरवास की राजस्व टीम और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। टीम को देखते ही खनन कर रही पीले रंग की जेसीबी का चालक वाहन लेकर भागने लगा। टीम ने पीछा किया तो चालक जेसीबी छोड़कर मौके से फरार हो गया। प्रशासनिक टीम ने जेसीबी को मौके से जप्त कराकर उसे बदरवास थाने में रखवा दिया है।

तहसीलदार प्रदीप भार्गव ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि घुरवार खुर्द में सिंध नदी से अवैध रूप से रेत का उत्खन्न किया जा रहा है। इस पर मामला दर्ज कर प्रकरण माइनिंग विभाग को भेजा गया। कोलारस विधानसभा क्षेत्र में सिंध नदी के घाटों पर माफिया लंबे समय से अवैध रेत खनन का कारोबार चला रहे हैं। प्रशासनिक टीम जब मौके पर पहुंची तो उस समय नदी से रेत का अवैध उत्खन्न हो रहा था और मौके पर जेसीबी थी। लेकिन प्रशासनिक टीम देखकर उत्खन्नकर्ता भाग खड़े हुए। सूत्रों के अनुसार रेत चोरी करने वालों को उच्चस्तरीय राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है जिस कारण उनके विरूद्ध कार्यवाही नहीं हो पाती और खनन माफिया निडर होकर अवैध उत्खन्न में लगे हुए हैं।



## 8 पात्र आवेदकों को मिली अनुकंपा नियुक्ति, आदेश

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिले के 08 पात्र आवेदकों को अनुकम्पा नियुक्ति आदेश प्रदान किये गए। जारी आदेशानुसार शुभम शर्मा सहायक ग्रेड-3 महिला बाल विकास,अमित यादव सहायक ग्रेड-3 महिला बाल विकास,दीपक नोनेरिया सहायक ग्रेड-3 महिला बाल विकास,नीलेश कुशवाह सहायक ग्रेड-3 राजस्व विभाग, सागर सोनी सहायक ग्रेड-3 जिला पंचायत, रोहित रघुवंशी सहायक ग्रेड-3 राजस्व विभाग, चंद्रकांत उज्जैनी सहायक ग्रेड-3 जनजाति कार्य विभाग, सौरभ सुनैया भृत्य राजस्व विभाग में अनुकम्पा नियुक्ति दी गई। साथ ही विकास अहिरवार सहायक ग्रेड-3 का प्रस्ताव संचालक मण्डी बोर्ड को भेजा गया।

# श्रीकृष्ण पाथेय योजना में राजा शिशुपाल की गढ़ी के साथ बूढ़ी चंदेरी को भी शामिल किया जाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





चंदेरी महाभारतकालीन नगरी है। कहते हैं कि शिशुपाल ने चंदेरी को अपनी राजधानी बनाया था। उस समय के प्राचीन अवशेषों को श्री कृष्ण पाथेय योजना में शामिल किए जाने की मांग की गई है।

आज भी चन्देरी के बूढ़ी चन्देरी स्थित शिशुपाल की गढ़ी नामक पुरावशेष चेदि (चन्देरी) नरेश शिशुपाल की यादों को जीवंत बनाए रखने का महत्वपूर्ण साक्ष्य होकर जन-जन में समाया हुआ है। वर्तमान में शिशुपाल की गढ़ी नामक सम्पूर्ण क्षेत्र वीरान हो कर बदहाल और जर्जर अवस्था से गुजर रहा है। शिशुपाल की गढ़ी क्षेत्र का जीर्णोद्धार किया जाना अपेक्षित है ताकि वह गुमनामी के अंधेरों में कहीं गुम न हो सकें। बूढ़ी चन्देरी पर्यटन स्थल पर बुनियादी पर्यटक सुविधाओं का अभाव है। बावजूद इसके पर्यटन नगर चन्देरी के प्रमुख पर्यटन स्थलों की सूची में बूढ़ी चन्देरी का नाम अब्बल पायदान पर है, क्योंकि बूढ़ी चन्देरी से युग योगेश्वर श्रीकृष्ण जी एवं शिशुपाल का संबंध स्थापित होने के कारण पर्यटकों का आर्कषण का केंद्र बना हुआ है।

मजीद खां पठान (सदस्य) जिला पर्यटन संवर्धन परिषद ने इस आशय की मांग शासन और स्थानीय सांसद को पत्र लिखकर मांग की है जिसमें कहा गया है कि वर्ष भर बूढ़ी चन्देरी पर्यटन स्थल पर पर्यटकों का आवागमन जारी रहता है। पहुंच मार्ग के रूप में पक्की सड़क उपलब्ध है। श्रीकृष्ण पाथेय योजना में चन्देरी, बूढ़ी चन्देरी को शामिल किया जाना सार्वजनिक एवं चन्देरी पर्यटन हित में आवश्यक ही नहीं अपितु अनिवार्य है। यही नहीं श्रीकृष्ण पाथेय योजना का लाभ चन्देरी, बूढ़ी चन्देरी को प्राप्त होने से सदियों से उपेक्षित बूढ़ी चन्देरी को उसका वाजिब हक प्राप्त होगा। वहीं दूसरी ओर बूढ़ी चन्देरी क्षेत्र विकसित पर्यटन स्थलों की दौड़ में शामिल होकर चन्देरी पर्यटन को बढ़ावा देने का एक और सशक्त माध्यम साबित होगा जिसका सीधा-सीधा असर चंदेरी की आर्थिक उन्नति एवं क्षेत्रीय विकास में परिलक्षित होगा। जानकारी अनुसार श्रीकृष्ण पाथेय योजना का क्रियान्वयन स्वराज संस्थान संचालनालय अंर्तगत महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा किया जा रहा है।

## खेत में अवैध बिजली कनेक्शन से तीन भैंसों की मौत हुई

**शिवपुरी।** कोलारस तहसील के सींघन गांव में अवैध बिजली कनेक्शन से तीन दुधारू भैंसों की मौत हो गई। मंगलवार को हुई इस घटना में पशुपालक बलवीर सिंह यादव को तीन लाख रुपए का नुकसान हुआ है। फरियादी का कहना है कि घटना के पीछे गांव के चार लोगों का हाथ है। उक्त चार लोगों ने डीपी से सीधे तार खींचकर खेत की मेढ़ पर बिछा दिए थे। इन तारों की चपेट में आने से बलवीर सिंह की तीनों भैंसों की मौत हो गई। पीड़ित बलवीर सिंह ने बताया कि उनकी भैंसें रोजाना करीब 10-10 लीटर दूध देती थीं। उन्होंने पहले भी कई बार आरोपियों को तार हटाने के लिए कहा था। उन्होंने बड़ी घटना की आशंका भी जताई थी। लेकिन आरोपियों ने उनकी बात नहीं मानी और कहा कि उन्हें किसी के मरने-जीने से कोई फर्क नहीं पड़ता। बलवीर सिंह ने बदरवास थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने आरोपियों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज करने और कार्रवाई की मांग की है।

श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया

# इस युग में हरि नाम ही जीव कल्याण के लिए पर्याप्त है : शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



मां जागेश्वरी धाम पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन कथा व्यास पंडित जय नारायण शास्त्री ने भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने पूतना वध, यशोदा मां के साथ बालपन की शरारतें और भगवान श्री कृष्ण का गौ प्रेम जैसे प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया।

कथा व्यास ने कलयुग की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि इस युग में हरि नाम का स्मरण ही जीव के कल्याण के लिए पर्याप्त है। श्रीमद्भागवत कथा हमें भगवान की भक्ति और उनके अवतारों की महिमा के बारे में बताती है। यह कथा हमें जीवन के सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है और हमें अपने जीवन को सकारात्मक दिशा में बदलने में मदद करती है। पंडित जय नारायण शास्त्री ने गोवर्धन पूजा का महत्व बताते हुए बताया कि हमें जीवन में अभिमान नहीं करना चाहिए। गोवर्धन पूजा की कथा भगवान कृष्ण की लीलाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस कथा में भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठाकर इंद्र के क्रोध से गोकुल के लोगों की रक्षा की थी। गोवर्धन पूजा प्रकृति और पर्यावरण के प्रति सम्मान का प्रतीक है। यह पर्व भगवान श्री कृष्ण की भक्ति और उनकी लीलाओं का स्मरण कराता है। गोवर्धन पूजा के दौरान लोग गोवर्धन पर्वत की पूजा करते हैं और भगवान कृष्ण की भक्ति में डूब जाते हैं। आगे कथा व्यास ने बताया कि गोवर्धन पूजा दिवाली के अगले दिन मनाई जाती है। इस दिन लोग गोवर्धन पर्वत की पूजा करते हैं और भगवान कृष्ण की भक्ति में डूब जाते हैं। गोवर्धन पूजा के दौरान लोग अपने घरों में गोवर्धन की आकृति बनाकर उसकी पूजा करते हैं। गोवर्धन पूजा का संदेश देते हुए कथा व्यास ने बताया कि हमें प्रकृति और पर्यावरण का सम्मान करना चाहिए। यह पर्व हमें भगवान कृष्ण की भक्ति और उनकी लीलाओं का स्मरण कराता है।

## डाइट में हुआ शैक्षिक संवाद का जिलास्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम

# ‘शैक्षिक संवाद से मिलती है शिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन को गति’

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी



राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देश पर कलेक्टर रविंद्र कुमार चौधरी व जिला पंचायत सीईओ हिमांशु जैन के मार्गदर्शन में शैक्षिक संवाद का जिलास्तरीय उन्मुखीकरण डाइट में बुधवार को आयोजित किया गया। उन्मुखीकरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डाइट प्राचार्य एमयू शरीफ ने कहा कि मौखिक भाषा विकास ध्वनि जागरूकता वर्ण एवं मात्रा की सटीक समझ तथा समृद्ध शब्द भंडार से सभी बच्चों को धारा प्रवाह पढ़ने और समझने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शैक्षिक संवाद से शिक्षकों के व्यावसायिक उन्नयन को गति मिलती है। जिलास्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम में बीआरसीसी एवं जन शिक्षकों सहित 140 सहजकर्ताओं ने सहभागिता की। इस अवसर पर डाइट प्राचार्य एमयू शरीफ, जिला शिक्षा केंद्र के एपीसी एकेडमिक मुकेश पाठक, वरिष्ठ व्याख्याता अनिल चौबे, राजेश श्रीवास्तव, व्याख्याता जितेंद्र गुप्ता, अनीता गुप्ता, प्रशिक्षण प्रभारी सरिता लोधी, सुचिता लकडा, शिवपुरी बीआरसीसी बालकृष्ण ओझा, कोलारस केपी जैन व करैरा विनोद तिवारी सहित सहायक प्रशांत गुप्ता व बबलू आदिवासी प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### एकेडमिक अनुभव और नवाचारों को साझा करें शिक्षक

शहर के डाइट में बुधवार को कक्षा 1 से 2 व कक्षा 3 से 5 तक के शिक्षकों के जिला स्तरीय शैक्षिक संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला शिक्षा केंद्र के एपीसी मुकेश पाठक का कहना था कि शैक्षिक संवाद की सार्थकता तभी सिद्ध होगी जब शिक्षक अपने एकेडमिक अनुभव और नवाचारों को आवश्यक रूप से एक दूसरे के साथ साझा करें। इस दौरान एपीसी ने शिक्षकों को शैक्षिक संवाद के जरिए मौखिक भाषा विकास के साथ समृद्ध शब्द भंडार विकसित कर सभी बच्चों को धारा प्रवाह पढ़ाने और समझाने की बात कही।एपीसी पाठक का यह भी कहना था कि शैक्षिक संवादों को लेकर जो अनुभव प्राप्त हुए हैं वह काफी उत्साहवर्धक हैं और आगे भी शैक्षिक संवाद से शिक्षकों को और बेहतर करने में मदद मिलेगी।

### राज्यस्तरीय मास्टर ट्रेनर एबीआरसीसी व बीएसी ने लिया हिस्सा

जिला शिक्षा केंद्र के डीपीसी दफेदार सिंह सिकरवार के निर्देशन में डाइट में कक्षा 1 से 5 तक के शिक्षकों के जिला स्तरीय शैक्षिक संवाद कार्यक्रम में जहां जिले के सभी विकासखंडों से जनपद शिक्षा केंद्रों के बीआरसीसी और जन शिक्षकों ने हिस्सा लिया वही शैक्षिक संवाद के आयोजन में राज्यस्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर महावीर मुदगल, राम लखन राठौर, निर्मल जैन व संजय श्रीवास्तव का जिलास्तरीय उन्मुखीकरण में विशेष सहयोग रहा। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा जिले के 8 ब्लाकों से आए शिक्षकों को प्रोजेक्टर के जरिए शैक्षिक संवाद की उपयोगिता को समझाया गया।